बिहार कर्मचारी चयन आयोग
पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14
आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–02/19, पद–उर्दू अनुवादक

ज्ञापांक:–2728/अ०प्र० पटना, दिनांक:–31-x-19

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (उर्दू निदेशालय) के अन्तर्गत उर्दू अनुवादक संवर्ग के तहत उर्दू अनुवादक के निम्नांकित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सुयोग्य उम्मीदवारों से ऑनलाईन आवेदन आयोग के वेबसाईट **http://bssc.bih.nic.in** पर आमंत्रित किये जाते हैं।

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि–05.11.2019 से 30.11.2019 तक।

ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि–05.11.2019 से 04.12.2019 तक।

कुल रिक्तियाँ:– 202 (दो सौ दो)

क्र0सं0	कोटि	कुल पद	कुल पदों में से महिलाओं के लिए (35%) आरक्षण के अन्तर्गत अनुमान्य रिक्तियाँ
01	अनारक्षित	81	28
02	अनुसूचित जाति	32	12
03	अनुसूचित जनजाति	02	00
04	अत्यंत पिछड़ा वर्ग	37	14
05	पिछड़ा वर्ग	24	08
06	पिछड़े वर्ग की महिला	06	00
07	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	20	06
कुल		**202**	**68**

नोट:–

1. **सामान्य प्रशासन** विभाग के संकल्प ज्ञापांक–13062, दिनांक–12.10.2017 के आलोक में क्षैतिज आरक्षण के तहत 02 (दो) पद दृष्टिबाधित दिव्यांग उम्मीदवारों को, 02 (दो) पद मूक–बधिर दिव्यांग उम्मीदवारों को, 02 (दो) पद चलन्त दिव्यांग उम्मीदवारों को एवं 02 (दो) पद मनोविकार दिव्यांग उम्मीदवारों को अनुमान्य होगा। चयनित दिव्यांग उम्मीदवार जिस आरक्षित/गैर आरक्षित वर्ग से संबंधित होंगे, उनकी गिनती संगत आरक्षित/गैर आरक्षित वर्ग में की जाएगी।

2. **सामान्य प्रशासन** विभाग के परिपत्र संख्या–2526, दिनांक–18.02.2016 के आलोक में राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नतीनी को 04 (चार) पद क्षैतिज आरक्षण के तहत अनुमान्य होगा। चयनित उम्मीदवार जिस आरक्षित/गैर आरक्षित वर्ग से संबंधित होंगे, उनकी गिनती संगत आरक्षित/गैर आरक्षित वर्ग में की जाएगी।

न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उर्दू विषय के साथ स्नातक/समकक्ष।

वेतनमानः– लेवल 06

उम्र सीमाः– दिनांक–01.08.2019 के आधार पर निर्धारित की जाएगी। परन्तु वैसे अभ्यर्थी जो दिनांक–01.08.2015 को सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम उम्र सीमा धारित करते हों, वे भी उम्र सीमा के आधार पर इस परीक्षा के पात्र होंगे।

कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (वर्त्तमान में सामान्य प्रशासन विभाग) की संकल्प संख्या–294, दिनांक–07.01.2016 के अनुसार उम्र सीमा निम्नवत होगी।

1. न्यूनतम आयु सीमा– 21(इक्कीस) वर्ष
2. अधिकतम आयु सीमा –(i) अनारक्षित वर्ग (पुरूष) – 37 वर्ष ।
   (ii) अनारक्षित वर्ग (महिला) – 40 वर्ष ।
   (iii) पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष/महिला)– 40 वर्ष ।
   (iv) अनु0जाति/अनु0जनजाति (पुरूष/महिला) – 42 वर्ष ।
3. कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के संकल्प ज्ञापांक–2374, दिनांक–16.07.2007 के आलोक में सरकारी सेवकों को जो 03 (तीन) वर्षों की निरंतर सेवा पूर्ण कर चुके हों, उच्चतर वेतनमान की सेवा/संवर्ग में जाने के लिए अधिकतम आयु सीमा में 05 (पाँच) वर्षों की छूट अनुमान्य है। साथ ही, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के संकल्प ज्ञापांक–62, दिनांक–05.01.2007 के आलोक में विकलांगों को उक्त अधिकतम उम्र सीमा में 10 (दस) वर्षों की छूट अनुमान्य है।
4. कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक–2447, दिनांक–06.03.1990 के आलोक में भूतपूर्व सैनिकों को उम्र सीमा में 03 (तीन) वर्ष तथा प्रतिरक्षा सेवा में बितायी गयी सेवा अवधि के योग के समतुल्य रियायत दी जाएगी बशर्ते कि उनकी वास्तविक उम्र आवेदन देने की तिथि को 53 (तिरेपन) वर्ष से अधिक नहीं हो।

- इस विज्ञापन से संबंधित विस्तृत विवरणी जिसमें योग्यता/आरक्षण/छूट/रियायतें/वेतन एवं भत्ते/चयन प्रक्रिया/आवेदन भरने की प्रक्रिया इत्यादि से संबंधित शर्तें तथा सामान्य अनुदेश बिहार कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाईट **http://bssc.bih.nic.in** पर उपलब्ध है।
- अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने के पूर्व आयोग के वेबसाईट पर दी गई विज्ञापन की सभी शर्तों का अवलोकन अवश्य कर लेंगे।
- अभ्यर्थी एक विज्ञापन के लिए सिर्फ एक ही ऑनलाईन आवेदन भरेंगे। यदि वे एक से अधिक आवेदन भरेंगे, तो उनके सभी आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
- जो अभ्यर्थी फर्जी नाम एवं पता के आधार पर आवेदन पत्र भरेंगे, उनको अपात्र मानते हुए, उनके विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

सचिव
बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।